सामान्य अध्ययन (टेस्ट - XIV)

GENERAL STUDIES (Test - XIX)

मॉड्यूल - XIV / Module - XIV

DTVF/18(JS)–M–**GS14**

निर्धारित समयः तीन घंटे *Time allowed: Three Hours*	अधिकतम अंकः 250 *Maximum Marks: 250*

नाम (Name): Ravi Kumar Sihag

क्या आप इस बार मुख्य परीक्षा दे रहे हैं? हाँ ✓ नहीं

मोबाइल नं. (Mobile No.):

ई-मेल पता (E-mail address):

टेस्ट नं. एवं दिनांक (Test No. & Date): 07/07/18 14

रोल नं. [यू.पी.एस.सी. (प्रा.) परीक्षा-2018] [Roll.No. UPSC (Pre) Exam-2018]:

1	1	3	9	4	7	9

परीक्षा का माध्यम (Medium of Exam.): हिन्दी

विद्यार्थी के हस्ताक्षर (Student's Signature): RavSly

नोटः प्रश्न-पत्र के लिये विशिष्ट अनुदेश अंतिम पृष्ठ पर संलग्न है।

Evaluation Analysis



मूल्यांकनकर्त्ता (कोड तथा हस्ताक्षर)
Evaluator (Code & Signatures)

पुनरीक्षणकर्त्ता (कोड तथा हस्ताक्षर)
Reviewer (Code & Signatures)

मूल्यांकन की पद्धति

प्रिय अभ्यर्थियों,

आपकी उत्तर-पुस्तिकाओं का मूल्यांकन करते हुए परीक्षक-समूह के सदस्य निम्नलिखित निर्देशों का ध्यान रखते हैं। आप भी इन्हें ध्यान से पढ़ें ताकि आप अपने प्राप्तांकों का तार्किक कारण समझ सकें।

परीक्षकों के लिये निर्देश

1. मूल्यांकन में अंकों का वही स्तर रखा जाना चाहिये जैसा संघ लोक सेवा आयोग (UPSC) के परीक्षकों द्वारा रखा जाता है।
2. सामान्य अध्ययन का जो उत्तर हर दृष्टिकोण से सटीक व उत्कृष्ट है; उसे अधिकतम 60% अंक दिये जाने चाहियें क्योंकि आयोग द्वारा किये जाने वाले मूल्यांकन में भी इससे अधिक अंक मिलना लगभग असंभव है। वैकल्पिक विषयों के उत्कृष्ट उत्तरों तथा श्रेष्ठतम निबंधों में अधिकतम 70% तक अंक दिये जा सकते हैं।
3. कृपया अंकों का वितरण निम्नलिखित तालिका के अनुसार करें-

उत्तर का स्तर (Standard of Answer)	सामान्य अध्ययन में अंक-स्तर (Marks Standard G.S.)	वैकल्पिक विषय तथा निबंध में अंक-स्तर (Marks Standard - Optional Subject and Essay)
उत्कृष्ट (Excellent)	51-60%	61-70%
बहुत अच्छा (Very Good)	41-50%	51-60%
अच्छा (Good)	31-40%	41-50%
औसत (Average)	21-30%	31-40%
कमज़ोर (Poor)	0-20%	0-30%

4. कृपया उत्तर में निम्नलिखित गुणों को विशेष प्रोत्साहन दें-
   - प्रश्न की सटीक समझ व उत्तर की व्यवस्थित रूपरेखा
   - संक्षिप्त, टू-द-पॉइंट लेखन शैली
   - प्रामाणिक तथ्यों का समुचित उपयोग
   - अधिकतम जरूरी बिंदुओं का समावेश
   - सरकारी दस्तावेजों (मत्रालयों/आयोगों की रिपोर्ट्स, पॉलिसी पेपर्स आदि) के संदर्भों की चर्चा
   - प्रभावी भूमिका व निष्कर्ष
   - समकालीन घटनाओं/प्रसंगों को उत्तर से जोड़ना
   - दृष्टिकोण में संतुलन, समावेशन व गहराई
   - अच्छी, साफ-सुथरी हैंडराइटिंग
   - भाषा में प्रवाह
   - आवश्यकतानुसार डायग्राम्स, नक्शों आदि का प्रयोग
   - तकनीकी शब्दावली का सटीक उपयोग
   - सुंदर प्रस्तुति शैली (छोटे पैराग्राफ्स रखना, महत्त्वपूर्ण शब्दों को अंडरलाइन करना आदि)
   - विराम चिह्नों का समुचित प्रयोग
   - भाषा में वर्तनी व व्याकरण की शुद्धता
5. टॉपर्स के अनुभव बताते हैं कि उत्तर की विषयवस्तु अच्छी होने पर आयोग के परीक्षक शब्द-सीमा के थोड़े बहुत उल्लंघन पर अंक नहीं काटते हैं। कृपया आप भी इसी दृष्टिकोण के अनुसार अंक-निर्धारण करें।

Method of Evaluation

Dear Candidates,

While assessing your answer-scripts, the evaluators are required to follow the given instructions. You should also read them carefully to understand the logic behind the marks obtained by you in the tests.

Instructions for the Evaluators

1. The level of marks while evaluating the answers should be kept as per UPSC (Union Public Service Commission) standards as far as possible.
2. The answers of General Studies which are accurate and excellent from every perspective should be awarded a maximum of 60% marks as it is almost impossible to get more than that in actual UPSC examination. Excellent answers in optional subjects and the best written essays can be awarded a maximum of 70% marks.
3. Please assign the marks according to the following table-

4. Please devote special attention to the following qualities in an answer–
   - Accurate understanding of the question and systematic presentation of the answer
   - Crisp and to the point writing style
   - Adequate use of authentic facts
   - Inclusion of all the important points
   - Citing of relevant facts and figures from relevant official documents (Ministries /Commissions Reports, Policy Papers etc.)
   - Effective introduction and conclusion
   - Linking of current events and situations with the answer
   - Balance and depth in answer-writing
   - Legible and clean handwriting
   - Flow of language
   - Use of diagrams, maps etc
   - Precise use of technical terminology
   - Beautiful presentation style (small paragraphs, underlining important words etc.)
   - Proper use of punctuations
   - Correct spellings and right use of grammar
5. Experience of UPSC toppers also indicates that if the content of the answer is good, the UPSC examiners do not cut the marks on slight violations of the word-limit. Please award marks strictly according to the above-mentioned instructions.

कृपया इस स्थान में प्रश्न संख्या के अतिरिक्त कुछ न लिखें।
(Please do not write anything except the question number in this space)

1. संसदीय समितियों के गठन के उद्देश्यों की चर्चा करते हुए लोक लेखा समिति के कार्यों और उसकी सीमाओं का उल्लेख कीजिये। (200 शब्द) 12.5

Discuss the objectives behind constitution of parliamentary committees. Also highlight the functions and limitations of the Public Accounts Committee. (200 words) 12.5

कृपया इस स्थान में कुछ न लिखें।
(Please don't write anything in this space)

भारत में संसदीय शासन प्रणाली को अपनाया गया है जिसके अन्तर्गत कार्यपालिका निर्माण विधायिका में से होता है अतः कार्यपालिका पर विधायिका का 'अवरोध एवं संतुलन' स्थापित करने हेतु विभिन्न संसदीय समितियों जैसे लोक लेखा समिति, प्राक्कलन समिति आदि की स्थापना निम्न उद्देश्यों हेतु की गई है।

(क) सरकार पर संसदीय नियंत्रण लगाना
(ख) इनका नियंत्रण विधायिका की अपेक्षा अधिक लचीला एवं प्रभावी होता है
(ग) धन के औचित्यपूर्ण खर्च की जाँच करना
(घ) सरकार पर राज्यसभा एवं विपक्ष को नियंत्रण स्थापित करवाने में भी इनकी महत्वपूर्ण भूमिका है।
(ङ) कार्यपालिका पर बजटीय नियंत्रण स्थापित करना (स्थायी विभागीय समितियाँ)
(च) सरकार को निरंकुशतापूर्ण नियम बनाने से रोकना (अधीनस्थ विधान समिति) आदि।

Copyright – Drishti The Vision Foundation

कृपया इस स्थान में प्रश्न संख्या के अतिरिक्त कुछ न लिखें।
(Please do not write anything except the question number in this space)

कृपया इस स्थान में कुछ न लिखें।
(Please don't write anything in this space)

लोक लेखा समिति :- यह एक स्थाई वित्तीय समिति का प्रकार है जिसका कार्य सरकार के खर्चों की लोक लेखाओं की जाँच करना है। गौरतलब है कि कैग इस समिति हेतु 'पथ प्रदर्शक' का कार्य करता है। समिति के प्रमुख कार्य -

(क) कैग द्वारा जाँच किये गये प्रतिवेदनों - विनियोग लेखा पर लेखापरीक्षा प्रतिवेदन के साथ-साथ वित्त एवं सरकारी उपक्रमों के प्रतिवेदनों पर विचार करना।

(ख) यह समिति न केवल धन के व्यय की जाँच करती है वरन् धन की मितव्ययता, विवेकशीलता एवं औचित्य की भी जाँच करती है।

संगठन
- 21 सदस्य
15 लोकसभा + 6 राज्यसभा
- एक वर्ष कार्यकाल
- सामानुपातिक प्रतिनिधित्व से निर्वाचन
- मंत्री योग्य नहीं
- अध्यक्ष विपक्ष का नेता

(ग) समिति के द्वारा प्रतिवर्ष जाँच कर कार्यपालिका पर विधायिका, राज्यसभा एवं विपक्ष का नियंत्रण बनाये रखा जाता है।

Copyright – Drishti The Vision Foundation

कृपया इस स्थान में प्रश्न संख्या के अतिरिक्त कुछ न लिखें।
(Please do not write anything except the question number in this space)

कृपया इस स्थान में कुछ न लिखें।
(Please don't write anything in this space)

(घ) अन्य प्रकार की लेखाओं की जाँच करना जो लोकसभा अध्यक्ष द्वारा देय है।

सीमाएँ: (क) ये दिन-प्रतिदिन के प्रशासन में हस्तक्षेप नहीं करती है।

(ख) नीति-निर्माण में इस समिति की कोई भूमिका नहीं होती है।

(ग) इनका कार्य 'पोस्टमॉर्टम' जैसा होता है।

(घ) व्यय के तकनीकी पक्षों की उपेक्षा क्योंकि इसके सदस्य तकनीकी विशेषज्ञ नहीं होते हैं।

(ङ) सभी प्रकार के लेखाओं की जाँच पूरी करने में समय का अभाव।

अतः उपर्युक्त समस्याओं का समाधान कर समिति की संरचना में थोड़ा परिवर्तन कर शक्ति बढ़ाकर इनकी क्षमता बढ़ाई जा सकती है।

कृपया इस स्थान में प्रश्न संख्या के अतिरिक्त कुछ न लिखें।
Please do not write anything except the question number in this space)

2. महाभियोग प्रक्रिया का उल्लेख करें। क्या हाल ही में सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के खिलाफ महाभियोग नोटिस का लाया जाना एवं उसका खरिज होना न्यायपलिका में अनुचित हस्तक्षेप को इंगित करता है? स्पष्ट कीजिये। (200 शब्द) 12.5

Give an account of the process of impeachment. Does the recent case of failed attempt to bring in the impeachment notice against the Chief Justice of India point towards an interference in functioning of judiciary? Elucidate. (200 words) 12.5

कृपया इस स्थान में कुछ न लिखें।
(Please don't write anything in this space)

उच्चतम न्यायालय के जजों को 'कदाचार (साबित) एवं असमता' के आधार पर केवल राष्ट्रपति द्वारा हटाया जा सकता है। यद्यपि संविधान में 'महाभियोग' शब्द का वर्णन नहीं है, परन्तु 'न्यायधीश जाँच अधिनियम' 1968 में बनाई गई संसदीय विधि में निहित प्रक्रिया को व्यवहार में महाभियोग कह दिया जाता है।

प्रक्रिया:- (1) संसद के उसी सत्र में एक सदन द्वारा (लोकसभा न्यूनतम 100 सदस्य, राज्यसभा न्यूनतम 50 सदस्य) प्रस्ताव लाया जा सकता है।

(2) सदन के सभापति/अध्यक्ष प्रस्ताव को अस्वीकार भी कर सकते हैं।



Copyright – Drishti The Vision Foundation

कृपया इस स्थान में प्रश्न संख्या के अतिरिक्त कुछ न लिखें।
(Please do not write anything except the question number in this space)

कृपया इस स्थान में कुछ न लिखें।
(Please don't write anything in this space)

समिति - उच्चतम न्यायालय का मुख्य न्यायधीश, उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायधीश एवं प्रख्यात न्यायविद

↓

जाँच → प्रतिवेदन

दोषी तो संसद द्वारा विशेष बहुमत से प्रस्ताव पारित करना होगा

निर्दोष तो कोई कार्यवाही नहीं

⇓

राष्ट्रपति आदेश → न्यायधीश का हटना।

हाल ही में विपक्षी दलों द्वारा सुप्रीम कोर्ट में मुख्य न्यायधीश (सी-जे-आई-) पर महाभियोग दाखिल किया गया। राज्यसभा के उपसभापति ने इसे अस्वीकार कर दिया। उल्लेखनीय है कि प्रस्ताव में सी-जे-आई पर पद के दुरुपयोग का आरोप लगाया गया।

प्रश्न यह है कि क्या यह न्यायपालिका में अनुचित हस्तक्षेप है?

विश्लेषण करने पर हम यह पाते हैं कि सदस्यों द्वारा महाभियोग प्रस्ताव लाया

कृपया इस स्थान में प्रश्न संख्या के अतिरिक्त कुछ न लिखें।
(Please do not write anything except the question number in this space)

कृपया इस स्थान में कुछ न लिखें।
(Please don't write anything in this space)

जाना विधि के विरुद्ध नहीं है एवं कानून सम्मत है। दूसरी बात यह है कि न्यायपालिका मे अभी तक न्यायधीशों के आचरण की जाँच करने हेतु कोई आंतरिक व बाह्य क्रियाविधि विकसित नहीं की है। अब यदि किसी को न्यायधीश के आचरण की वैधता पर सवाल उठाने है तो उसके पास इसी अधिनियम के उपायों के अलावा कोई रास्ता नहीं बचता है।

अत: ~~[illegible]~~ प्रस्ताव को कानूनसम्मत प्रक्रिया द्वारा लाया जाना न्यायपालिका पर हस्तक्षेप न होकर कानून सम्मत प्रक्रिया है। परन्तु यदि उचित आरोपों के अभाव में यदि ऐसा किया जाये तो यह हस्तक्षेप का कारण बन सकता है। 'विधि के शासन' में किसी की अनैतिक व्यवहार की जाँच करना उचित है
अन्य उपाय जो न्यायपालिका की स्वतंत्रता को बाधित न करे जैसे -
(क) न्यायधीश जाँच विधेयक को पारित करना चाहिये एवं
(ख) न्यायपालिका में स्वयं की आंतरिक जवाबदेहिता क्रियाविधि विकसित करनी चाहिये

641, प्रथम तल, मुखर्जी नगर, दिल्ली-9
दूरभाष: 011-47532596, 8750187501 (+91) 8130392354, 8130392356
ई-मेल: helpline@groupdrishti.com, वेबसाइट: www.drishtiIAS.com
फेसबुक: facebook.com/drishtithevisionfoundation, ट्विटर: twitter.com/drishtiias

Copyright – Drishti The Vision Foundation

कृपया इस स्थान में प्रश्न संख्या के अतिरिक्त कुछ न लिखें।
(Please do not write anything except the question number in this space)

3. हाल ही में 123वें संविधान संशोधन द्वारा पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा देने का प्रावधान किया गया है। यह संशोधन पिछड़े वर्ग हेतु सामाजिक न्याय को सुनिश्चित करने में कितना उपयोगी सिद्ध होगा? चर्चा कीजिये। (200 शब्द) 12.5

The 123rd constitutional amendment provides for constitutional status to the Commission for Backward Classes. To what extent this amendment will be useful in ensuring social justice to the backward classes? Discuss. (200 words) 12.5

कृपया इस स्थान में कुछ न लिखें।
(Please don't write anything in this space)

हाल ही में संविधान संशोधन अधिनियम 123 रखा गया।

↓

पिछड़ा वर्ग हेतु संवैधानिक आयोग

- उच्चस्तरीय
- संविधान में अनु. 338 (ख) की स्थापना

उद्देश्य - पिछड़े वर्गों को आरक्षण का समान लाभ देने हेतु। उनके लिये संविधान में विधमान रक्षोपायों व संरक्षण उपायों हेतु जाँच करना व सरकार को इस संबंध में व पिछड़े वर्गों की स्थिति सुधार हेतु योजना निर्माण में सलाह देना।

उपयोगिता

(क) संवैधानिक संरक्षण प्राप्त होगा (पिछड़े वर्ग को)

कृपया इस स्थान में प्रश्न संख्या के अतिरिक्त कुछ न लिखें।
(Please do not write anything except the question number in this space)

(ख) आरक्षण के लाभों का समतापूर्ण बंटवारा सुनिश्चित होगा।

27% आरक्षण के बाद भी केन्द्रीय कर्मचारियों में केवल 12% पिछड़ा वर्ग के हैं।

(ग) पिछड़ा वर्ग की शोषित जातियों को लाभ होगा व उत्थान में सहायक

चुनौतियाँ

(क) राजनीतिक हस्तक्षेप न हो।

(ख) वर्गीकरण की समस्या।

(ग) मानकों की समस्या।

(घ) अपवर्जन की समस्या।

(ङ) कुछ जातियों के समाहित व कुछ के बाहर रहने का डर

(च) राजनीतिक हस्तक्षेप का बढ़ावा।

(छ) तुष्टिकरण की नीति।

कृपया इस स्थान में कुछ न लिखें।
(Please don't write anything in this space)

Copyright – Drishti The Vision Foundation

कृपया इस स्थान में प्रश्न संख्या के अतिरिक्त कुछ न लिखें।
(Please do not write anything except the question number in this space)

4. मुस्लिम महिला (विवाह अधिकार संरक्षण) विधेयक, 2017 के कारण चर्चा में आए समान नागरिक संहिता के उद्देश्यों की चर्चा करें। इसे लागू करने में प्रमुख बाधक तत्त्वों की पहचान करें तथा इसके संदर्भ में सांविधानिक प्रावधानों को स्पष्ट करें। (200 शब्द) 12.5

Elucidate the constitutional provisions of Uniform Civil Code which was recently in news due to the Muslim Women (Protection of Rights on Marriage) Bill, 2017. Also discuss its objectives and identify the major impediments in its implementation. (200 words) 12.5

कृपया इस स्थान में कुछ न लिखें।
(Please don't write anything in this space)

हाल ही में उच्चतम न्यायालय के मुस्लिम महिलाओं के विरुद्ध किये जाने वाले 'तीन-तलाक' अर्थात- 'तलाक-उल-बिद्दत' को असंवैधानिक घोषित किये जाने पर सरकार द्वारा मुस्लिम महिला (विवाह अधिकार संरक्षण) विधेयक, 2017 पेश किया गया। प्रस्तुत विधेयक में 'इंस्टेंट ट्रिपिल तलाक' में गैर-कानूनी घोषित कर संज्ञेय व गैर जमानती अपराध घोषित कर 3 साल की सजा का प्रावधान है।

प्रस्तुत विधेयक को कई विशेषज्ञ समान नागरिक संहिता के प्रस्थान बिन्दु के रूप में देख रहे हैं-

समान नागरिक संहिता :- इस संहिता से अल्पसंख्यक स्त्री धर्मों के पर्सनल कानूनों में अंतर को समाप्त कर, एक संहिता का

Copyright – Drishti The Vision Foundation

कृपया इस स्थान में प्रश्न संख्या के अतिरिक्त कुछ न लिखें।
(Please do not write anything except the question number in this space)

निर्माण करना है जिसके उद्देश्य निम्न है-

(क) सभी धर्मों में विद्यमान कुसंगतियों, भेदभाव-पूर्ण प्रथाओं को खत्म करना। (मुस्लिम में बहुविवाह आदि)

(ख) न्याय तक पहुँच को सुगम बनाना।

(ग) संहिताकरण होने से न्यायधीशों को कानून की व्याख्या करने में सहूलियत होगी व विलंबित मामलों का शीघ्र निपटान हो पायेगा।

(घ) राज्य के नीति निदेशक तत्वों (अनु० ५५) का क्रियान्वयन हो पायेगा।

(ङ) भारत की एकता को सुनिश्चित कर पायेंगे।

संहिता को लागू करने में बाधक तत्व

(क) सभी धर्मों में सौहार्द्य का अभाव

(ख) धर्मों की बागडोर कट्टरपंथी एवं रूढ़िवादी नेताओं के हाथों में होना।

(ग) समान नागरिक संहिता का प्रचार मुस्लिम एवं अल्पसंख्यक विरोधी संहिता के रूप में करना जिससे, अल्पसंख्यकों में अविश्वास की भावना।

(घ) अनेक धर्मशास्त्रियों द्वारा इसे संविधान के अनुच्छेद 25 से 28 का उल्लंघन

कृपया इस स्थान में कुछ न लिखें।
(Please don't write anything in this space)

कृपया इस स्थान में प्रश्न संख्या के अतिरिक्त कुछ न लिखें।
(Please do not write anything except the question number in this space)

कृपया इस स्थान में कुछ न लिखें।
(Please don't write anything in this space)

बताया जाना।

(ङ) बहुसंख्यकों के रूढ़िवादी नेताओं द्वारा थोपने की मांग भी अल्पसंख्यकों में असुरक्षा की भावना पैदा करती है।

संविधान के अनुच्छेद 44 में लिखा है कि राज्य समान नागरिक संहिता हेतु प्रयास करेगा। साथ ही अनु. 14 में विधि के समक्ष समता की बात की गई है। इसके अलावा धर्मों के पर्सनल कानूनों में निहित महिलाओं में भेदभाव का प्रतिषेध भी संविधान के अनुच्छेद 15 का उल्लंघन है।

यदि धार्मिक स्तर की विसंगतियों की बात करें तो अनु. 51 (क) के अनुसार प्रत्येक नागरिक का यह कर्तव्य है कि वह वैज्ञानिक व आधुनिक सोच को बढ़ावा दे।

इस प्रकार सभी धर्मों को विश्वास में लेते हुए, व्यापक विचार-विमर्श, लोकाचार द्वारा ही इस दिशा में कदम बढ़ाया जा सकता है।

Copyright – Drishti The Vision Foundation

कृपया इस स्थान में प्रश्न संख्या के अतिरिक्त कुछ न लिखें।
(Please do not write anything except the question number in this space)

5. भारत में स्थानीय स्वशासन अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में कितना सफल रहा है? मूल्यांकन करें। साथ ही, इस संदर्भ में 'राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान' के प्रावधानों को स्पष्ट करते हुए इसके सकारात्मक प्रभावों की चर्चा करें। (200 शब्द) 12.5

Evaluate the success of which local self-government with respect to its objectives. Highlight the provisions of 'Rashtriya Gram Swaraj Abhiyan' and discuss its positive impacts. (200 words) 12.5

कृपया इस स्थान में कुछ न लिखें।
(Please don't write anything in this space)

भारत में 73वें व 74वें संशोधन अधिनियम द्वारा भारत में ग्रामीण व शहरी स्तर पर स्थानीय स्वशासन की स्थापना हुई।

उपलब्धियाँ:-

(क) शासन के विकेन्द्रीकरण की प्रक्रिया की शुरुआत

(ख) ग्रामीणों में शासन के प्रति जागरूकता का प्रसार

(ग) महिला एवं अनुसूचित जाति व जनजाति आरक्षण (अनु. 243(D) व 243(T)] के प्रावधान के कारण इन वर्गों की स्थिति में सुधार (महिलाओं हेतु अनिवार्य 33%)

(घ) राज्य विधानसभा के स्तर पर भी ग्रामीण समस्याओं की अनदेखी करने की प्रवृत्ति में कमी।

(ङ) लोगों में भारत की लोकतांत्रिक प्रवृत्ति के प्रति जागरूकता में वृद्धि एवं सहभागिता में भी वृद्धि।

कृपया इस स्थान में प्रश्न संख्या के अतिरिक्त कुछ न लिखें।
(Please do not write anything except the question number in this space)

कृपया इस स्थान में कुछ न लिखें।
(Please don't write anything in this space)

चुनौतियाँ

(क) वित्तीय आवंटन की समस्या

(ख) शिक्षा व जागरूकता की कमी।

(ग) महिलाओं के वास्तविक अधिकारों में उतनी वृद्धि नहीं (सरपंच पति की अवधारणा)

(घ) गांवों में उच्च जातियों के प्रभुत्व के कारण निचली जातियों के सरपंच बनने पर भी उनका निर्णयन प्रभावी नहीं रहता।

(ङ) शहरी स्तर पर जिला योजना समिति आदि में विधायिका के प्रतिनिधि होने के कारण उनका निर्णय प्रभावी रहता है।

(च) स्वशासन ~~संस्था~~ संस्थाओं में तकनीकी ज्ञान का अभाव भी एक समस्या है

इस प्रकार इन चुनौतियों पर ध्यान देकर स्थानीय स्वशासन संस्थाओं की क्षमता बढ़ाई जा सकती है कि भी लोगों को जागरूक करने, ग्रामीण विकास में, अधिकार देने में स्वशासन की भूमिका असंदिग्ध है

हाल ही में सरकार द्वारा गाँवों के स्तर पर विकेन्द्रीकरण को मजबूत करने। पंचायतों

Copyright – Drishti The Vision Foundation

कृपया इस स्थान में प्रश्न संख्या के अतिरिक्त कुछ न लिखें।
(Please do not write anything except the question number in this space)

कृपया इस स्थान में कुछ न लिखें।
(Please don't write anything in this space)

को सशक्त करने, जन-जागरूकता का प्रसार करने हेतु ग्राम स्वराज अभियान का शुभारंभ किया गया। इसके दो पक्ष हैं -

(क) केन्द्रीय क्षेत्र का पक्ष जिसमें पंचायतों को डिजीटल बनाना, योजना आदि का प्रवर्तन करना शामिल है।

(ख) राज्य क्षेत्र का पक्ष जिसमें पंचायतों का अधिकार दिया जाना सम्मिलित है।

इस प्रकार इस अभियान के द्वारा पंचायतों की दक्षता का संवर्धन कर उन्हें विकेन्द्रीकरण में और अधिक भूमिका प्रदान कर सशक्त किया जायेगा जिससे 73वें व 74वें संविधान संशोधन का उचित उद्देश्य पूरा होगा।

कृपया इस स्थान में प्रश्न संख्या के अतिरिक्त कुछ न लिखें।
(Please do not write anything except the question number in this space)

6. अनुच्छेद-142 के प्रावधानों को स्पष्ट करते हुए यह बताएँ कि क्या न्यायपालिका ने इस अनुच्छेद का उपयोग अपने क्षेत्राधिकार के अतिक्रमण में किया है? इसके लिये न्यायिक संयम कितना कारगर साबित होगा? स्पष्ट कीजिये। (200 शब्द) 12.5

Illustrate the provisions of Article 142 and discuss if the judiciary has used it to step beyond its jurisdiction? Assess the effectiveness of judicial restraint to prevent this encroachment. (200 words) 12.5

कृपया इस स्थान में कुछ न लिखें।
(Please don't write anything in this space)

संविधान का अनुच्छेद 142 के अनुसार-
"न्यायपालिका भारत के राज्यक्षेत्र में ऐसा आदेश या डिक्री पारित कर सकेगी जो कि किसी भी पक्ष या मामले में पूर्ण न्याय देने से संबंधित है।"

न्यायपालिका अर्थात- उच्चतम न्यायालय के दो निर्णयों के माध्यम से इसे समझा जा सकता है-

(अ) हाइवे पर शराबबंदी के मामले में न्यायालय ने केवल हाइवे पर बल्कि हाइवे के 500 मीटर तक शराबबंदी में इस प्रावधान का उपयोग किया।

(ब) बाबरी मस्जिद विध्वंस मामले में संयुक्त प्रयास का आदेश देना।

इस प्रकार की अपवादात्मक शक्ति का प्रयोग करना उचित नहीं है जिसके निम्न कारण हैं।

Copyright – Drishti The Vision Foundation

कृपया इस स्थान में प्रश्न संख्या के अतिरिक्त कुछ न लिखें।
(Please do not write anything except the question number in this space)

(ङ) शक्ति पृथक्करण के सिद्धान्त के विपरीत - न्यायपालिका द्वारा कार्यपालिका व विधायिका के क्षेत्राधिकार में हस्तक्षेप करना जायज नहीं

(ख) संघीय भावना के विरुद्ध

(ग) लोकतांत्रिक भावना के विरुद्ध क्योंकि न्यायालय प्रत्यक्षतः नागरिकों के प्रति जवाबदेह नहीं होता है।

(घ) विवेकाधीन शक्तियों का मसला क्योंकि न्यायालय की अनेक पीठों के बीच विवेकाधिकारों का प्रश्न उठ सकता है।

(ङ) न्यायिक अतिसक्रियता का उदाहरण। इन सभी समस्याओं को देखते हुए प्रायः न्यायपालिका में 'अतिसक्रियता' के बजाय 'न्यायिक संयम' अपनाने की सलाह दी जाती है। इसका उल्लेख २००८ में जस्टिस माथुर व जस्टिस काटजू ने भी किया था। इस सिद्धान्त के अनुसार न्यायालय का कार्य केवल विधियों के निर्वचन से संबंधित है। अतः उन्हें अपने निजी विचारधारा, मूल्यों, सोच को न्यायिक निर्णयों में मिश्रित नहीं होने

कृपया इस स्थान में कुछ न लिखें।
(Please don't write anything in this space)

कृपया इस स्थान में प्रश्न संख्या के अतिरिक्त कुछ न लिखें।
(Please do not write anything except the question number in this space)

देना चाहिये। इसके औचित्य निम्न है-

(क) न्यायालय लोकतांत्रिक नहीं है-

(ख) संविधान संघीय भावना है

(ग) न्यायालय की शक्तियाँ संविधान एवं संसद के अधिनियमों से प्राप्त होती है एवं संविधान शक्ति पृथक्करण का प्रावधान करता है

(घ) अमेरिकी एवं ब्रिटिश परंपरा का उत्तराधिकारी होने के नाते न्यायालय को अपनी मर्यादा का ध्यान रखकर स्वयं को राजनीति के स्तर पर नहीं गिराना चाहिये।

इस प्रकार न्यायिक संयम का पालन न्यायपालिका में अनिवार्यतः करना चाहिये अन्यथा न्यायिक सक्रियता के 'न्यायिक दुस्साहस या न्यायिक निरंकुशता' में तब्दील होने के संभावना बढ़ जाती है।

Copyright – Drishti The Vision Foundation

कृपया इस स्थान में प्रश्न संख्या के अतिरिक्त कुछ न लिखें।
(Please do not write anything except the question number in this space)

7. क्या अंतर्राज्यीय जल विवादों का समाधान करने में सांविधानिक प्रक्रियाएँ असफल रही हैं? स्पष्ट कीजिये। अंतर्राज्यीय जल विवादों के समाधान के क्रम में अंतर्राज्यीय नदी जल विवाद (संशोधन) विधेयक, 2017 के प्रावधानों का उल्लेख करते हुए समाधान के उपाय भी सुझाएँ। (200 शब्द) 12.5

Have the constitutional provisions failed in resolving interstate water disputes? Elucidate. Highlight the provisions of Interstate River Water Disputes (Amendment) Bill, 2017 and suggest some measures for resolving such disputes. (200 words) 12.5

कृपया इस स्थान में कुछ न लिखें।
(Please don't write anything in this space)

संविधान के अनुच्छेद 262 के तहत संसद को यह अधिकार प्राप्त है कि वह 'अन्तर्राज्यीय नदियों व नदी घाटियों के विनियमन, विकास एवं विवादों के निपटारे हेतु कानून बनाये'। साथ ही न्यायपालिका के क्षेत्राधिकार को इस परिदृश्य में सीमित किया जा सकता है। संसद ने इस हेतु कानून भी बनाये हैं। - नदी जल बोर्ड अधिनियम, रा० अन्तर्राज्यीय जलविवाद अभि० अधिनियम 1956।

परन्तु व्यवहारतः देखा गया है कि नदी घाटी विवादों की जटिल प्रवृत्ति के कारण ये मामले लंबे खींचते हैं जिनके कारण निम्न हैं -

(क) जल के आँकड़ों का अभाव
(ख) जलमांग का आकलन कठिन कार्य है।
(ग) नदी-जल प्रवाह की अनिश्चित प्रवृत्ति
(घ) राज्यों की दृढ़धर्मिता व न्यायाधिकरण

कृपया इस स्थान में प्रश्न संख्या के अतिरिक्त कुछ न लिखें।
(Please do not write anything except the question number in this space)

के आदेशों की पालना न करना।

(ङ) पारस्परिक बातचीत, सलाह, विमर्श के द्वारा मुद्दों का समाधान न किया जाना।

अतः हम कह सकते हैं कि विवादों की जटिल प्रवृत्ति एवं अन्य पक्ष इनके समाधान न होने के कारण है, न कि संवैधानिक प्रावधान।

इन मुद्दों के हल निवारण हेतु संसद ने अन्तर्राज्यीय नदी जल विवाद विधेयक 2017 पेश किया है जिसके प्रावधान निम्न हैं-

(क) अनेक अधिकरणों के बजाय एक 'सिंगल स्टैंडिंग ट्रिब्युनल' की स्थापना जिसकी अनेक पीठें होंगी।

(ख) एक विवाद निवारण समिति (DRC) की स्थापना जो कि दोनों पक्षों में विचार-विमर्श करने को प्रोत्साहित करना।

(ग) मामले के निपटान की निश्चित समय-सीमा बनाना।

(घ) केन्द्र सरकार नदी घाटियों के विकास

कृपया इस स्थान में कुछ न लिखें।
(Please don't write anything in this space)

Copyright – Drishti The Vision Foundation

कृपया इस स्थान में प्रश्न संख्या के अतिरिक्त कुछ न लिखें।

(Please do not write anything except the question number in this space)

कृपया इस स्थान में कुछ न लिखें।

(Please don't write anything in this space)

हेतु एक निकाय का निर्माण करेगी जो कि आँकड़ों के संग्रहण के साथ जल प्रबंधन के सुझाव भी देगा।

अन्य उपाय :-

(क) नदी जल प्रवाह को बनाये रखने के उपाय होने चाहिये यथा- नदी जोड़ो परियोजना।

(ख) जल बचत प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल जैसे - ड्रिप सिंचाई पद्धति।

(ग) राज्यों में विचार-विमर्श को प्रोत्साहित करना।

(घ) उच्चतम न्यायालय को भी कुछ परिस्थितियों में हस्तक्षेप का अधिकार देना

(ङ) नदी जल प्रदूषण (कमी), तट प्रबंधन, वृक्षारोपण, आदि को बढ़ावा देकर नदी जल प्रवाह की निरंतरता सुनिश्चित रखना।

Copyright – Drishti The Vision Foundation

कृपया इस स्थान में प्रश्न संख्या के अतिरिक्त कुछ न लिखें।
(Please do not write anything except the question number in this space)

8. निवारक विरोध क्या है? क्या यह व्यक्तिगत स्वतंत्रता के हनन को प्रश्रय देता है? इसके पक्ष एवं विपक्ष में अपने तर्क प्रस्तुत कीजिये। (200 शब्द) 12.5

What is preventive detention? Does it amount to breach of personal liberty? Give arguments in favour of and against it. (200 words) 12.5

कृपया इस स्थान में कुछ न लिखें।
(Please don't write anything in this space)

निवारक निरोध से तात्पर्य है कि व्यक्ति को किसी अपराध हेतु गिरफ्तार न कर उसे भविष्य में किसी अपराध को करने से रोकने हेतु गिरफ्तार करना। संविधान के अनु. 22 के अनुसार कुछ निश्चित परिस्थितियों में आपराधिक मामलों में इसका प्रयोग किया जा सकता है-

(क) राज्य की सुरक्षा एवं अखण्डता
(ख) विदेशी राज्यों से मित्रवत संबंध
(ग) लोक व्यवस्था
(घ) आवश्यक वस्तु ~~अधिनियम~~ की आपूर्ति सुनिश्चित करना।

यह एक विडंबना ही कही जायेगी कि विश्व के किसी भी अन्य लोकतांत्रिक देश में इस तरह के निवारक कानून अस्तित्व में नहीं है। वैसे यह कानून देश की सुरक्षा में सहायक है जैसे पोटा अधिनियम, मीसा

Copyright – Drishti The Vision Foundation

कृपया इस स्थान में प्रश्न संख्या के अतिरिक्त कुछ न लिखें।
(Please do not write anything except the question number in this space)

कृपया इस स्थान में कुछ न लिखें।
(Please don't write anything in this space)

अधिनियम, अथवा अधिनियम 1958 आदि।

~~परन्तु यदि इसका~~ परन्तु यदि इस अधिनियम का प्रयोग अविवेकपूर्ण, स्वेच्छाचारी तरीके से किया जाए तो यह व्यक्तिगत स्वतंत्रता का हनन भी कर सकता है। जैसे- हाल ही में तेलंगाना में एक व्यक्ति को नकली मिर्च बेचने के आरोप में 'गुण्डा एक्ट' के तहत गिरफ्तार कर लिया गया। इस पर उच्चतम न्यायालय ने कहा कि किसी व्यक्ति को निवारक कानून के तहत इस आधार पर गिरफ्तार करना कि सामान्य कानूनी प्रक्रिया 'अप्रभावी' व 'अधिक समय लेने वाली' है, असंवैधानिक है।

परन्तु यदि दूसरे पक्ष यानि राष्ट्रीय एकता' की बात की जाये तो वहाँ की पर हमें इन कानूनों की आवश्यकता पड़ती है। क्योंकि दो तरफ दुश्मन देशों से घिरा होने, घरेलू स्तर पर आतंकवाद,

Copyright – Drishti The Vision Foundation

कृपया इस स्थान में प्रश्न संख्या के अतिरिक्त कुछ न लिखें।
(Please do not write anything except the question number in this space)

कृपया इस स्थान में कुछ न लिखें।
(Please don't write anything in this space)

उग्रवाद, अलगाववाद की समस्या ग्रस्त होने के कारण भारत में इन कानूनों की आवश्यकता है जैसे जम्मु-कश्मीर एवं उ० पू० राज्यों में अफस्पा अधिनियम वहाँ कि व्यवस्था हेतु ज़रूरी है, हालांकि इस अधिनियम के कारण नागरिकों के गैरज़रूरी उत्पीड़न के आरोप लगते हैं।

अतः सरकार को चाहिये कि वह ~~अधिनियम~~ इन प्रावधानों का विवेकपूर्ण एवं अत्यन्त आवश्यक परिस्थितियों में ही प्रयोग करे। साथ ही, दिशा निर्देश जारी करे -

(अ) इन कानूनों के प्रयोग के संबंध में
(ब) किन परिस्थितियों में प्रयोग है।
(ग) निरोध की समयावधि
(घ) निरोधक व्यक्ति के अधिकार आदि।

Copyright – Drishti The Vision Foundation

कृपया इस स्थान में प्रश्न संख्या के अतिरिक्त कुछ न लिखें।
(Please do not write anything except the question number in this space)

9. लोकसभा अध्यक्ष की शक्तियों एवं कार्यों का उल्लेख करते हुए यह बताएँ कि क्या इसने वर्तमान में विपक्ष की अवाज़ को दबाने का कार्य किया है? (200 शब्द) 12.5

Elucidate the powers and functions of Lok Sabha Speaker. Has the office of speaker been used recently to suppress the voice of opposition? (200 Words) 12.5

कृपया इस स्थान में कुछ न लिखें।
(Please don't write anything in this space)

भारत में संविधान में लोकसभा हेतु लोकसभा अध्यक्ष पद की व्यवस्था है जिसका चुनाव संसद के सदस्यों द्वारा बहुमत के आधार पर होता है-

शक्तियाँ एवं कार्य :-

(क) यह सदन में संविधान के प्रावधानों, संसदीय नियमों एवं परंपराओं का अंतिम व्याख्याता होता है।

(ख) इसकी कार्यविधियों एवं आचरण की सदन में न तो चर्चा हो सकती है, न ही आलोचना (मूल प्रस्ताव को छोड़कर)

(ग) संसद के नियमों का निर्धारण, बैठक की तिथि, समय, प्रस्ताव को स्वीकार करना, सदस्य को बोलने की अनुमति देना आदि पर अध्यक्ष का अधिकार है।

(घ) सामान्य परिस्थिति में मत नहीं देता परन्तु मत-बराबरी की दिशा में निर्णायक मत देता है।

(ङ) अध्यक्ष ही यह तय करता है कि

Copyright – Drishti The Vision Foundation

कौनसा विधेयक धन विधेयक है। इस सन्दर्भ में इसका निर्णय अंतिम होता है।

अन्य कार्य

- संयुक्त बैठक की अध्यक्षता करना।
- समितियों के अध्यक्षों का नामांकन करना।
- संसदीय समूहों की अध्यक्षता करना।
- दल-बदल कानून पर विचार करना (न्यायिक समीक्षा योग्य)

पिछले कुछ समय में अध्यक्ष की निष्पक्षता पर सवाल उठे हैं और इसपर विपक्ष की आवाज दबाने का आरोप लगा है

उदा.

(क) अरुणाचल प्रदेश में अध्यक्ष द्वारा उचित आरोपों की जाँच एवं सुनवाई किये बिना सदस्यों का निष्कासन कर दिया।

(ख) अपने धन विधेयक के निर्धारण की भूमिका में भी 2016 के धन विधेयक में अध्यक्ष ने आधार अधिनियम के कुछ

Copyright – Drishti The Vision Foundation

कृपया इस स्थान में प्रश्न संख्या के अतिरिक्त कुछ न लिखें।
(Please do not write anything except the question number in this space)

कृपया इस स्थान में कुछ न लिखें।
(Please don't write anything in this space)

प्रावधानों को उचित माना, 2017 के बजट के वित्त विधेयक में भी चुनावी बॉण्ड, अधिकरणों के विलय संबंधी प्रावधानों का डालना, जिसे विपक्षी दलों के विरोध के बावजूद अध्यक्ष ने धन विधेयक माना।

इन सब उदाहरणों के कारण पूर्णतः यह कहना भी सही नहीं है कि अध्यक्ष पद पक्षपातपूर्ण कार्यवाही कर रहा है। परंतु निष्पक्षता को बरकरार रखने हेतु कुछ उपाय किये जा सकते हैं जैसे -

(क) अध्यक्ष बनने पर राजनीतिक दल की सदस्यता से इस्तीफा ले लिया जाए।

(ख) दल-बदल से संबंधित प्रावधानों पर निर्णय चुनाव आयोग की सहायता से राष्ट्रपति या राज्यपाल द्वारा किया जाए (विधि आयोग की भी यही सलाह)

